## खबर संक्षेप

### जिले में 1358 एमटी चना एवं मसूर की हुई खरीदी

**कटनी।** रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में समर्थन मूल्य पर जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन जारी है। उपार्जन हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी की निगरानी एवं निर्देश पर जिले में स्थापित 6 खरीदी केन्द्रों में अब तक 594 किसानों से 827.7 मीट्रिक टन चना एवं 327 किसानों से 530.4 मीट्रिक टन मसूर का उपार्जन किया जा चुका है। अब तक खरीदे गये 647.55 मीट्रिक टन चना और 422.4 मीट्रिक टन मसूर का परिवहन किया जा चुका है। जिले में इस वर्ष चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 5 हजार 650 रुपये से अधिक है। पंजीकरण के आंकड़ों पर नजर डालें तो इस वर्ष 4 हजार 624 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या केवल 1 हजार 884 थी। इसी प्रकार मसूर के लिए इस वर्ष समर्थन मूल्य 7 हजार रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। जबकि पिछले वर्ष समर्थन मूल्य 6 हजार 700 रूपये था। इस वर्ष कुल 1 हजार 619 किसानों ने मसूर उपार्जन हेतु पंजीयन कराया है जबकि पिछले वर्ष 1 हजार 224 किसानों ने ही उपार्जन हेतु पंजीयन कराया था।

### जांच के बाद प्राचार्य को हटाया, बहोरीबंद अटैच

**कटनी।** रीठी स्थित सांदीपनि शासकीय विद्यालय के प्राचार्य हेमराज कारपेंटर को महिला कर्मचारी की शिकायत और जांच प्रतिवेदन के आधार पर हटा दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने कार्रवाई करते हुए प्राचार्य को बहोरीबंद उत्कृष्ट विद्यालय में संबद्ध (अटैच) कर दिया है। व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए विद्यालय का नया प्रभार राम मनोज साहू को सौंपा गया है। गौरतलब है कि सांदीपनि शासकीय विद्यालय में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने बीते 4 मई को कटनी कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि प्राचार्य हेमराज कारपेंटर उन पर अनैतिक संबंध बनाने के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक दबाव बना रहे थे। इस गंभीर शिकायत के बाद शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया था और मामले की जांच के आदेश जारी किए गए थे। शिकायत के दो सप्ताह बाद सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने गठित जांच दल का प्रतिवेदन मिलने पर यह विभागीय कार्रवाई की गई।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग

**कटनी।** बरगवां क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क के बीचों-बीच बने डिवाइडर पर लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और उससे उठने वाले काले धुएं व चिंगारियों के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया। इस घटना की वजह से वहां से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नागरिकों द्वारा सूचना मिलने पर विद्युत मंडल ने बिजली सप्लाई काटी गई।

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा

# ठेकेदार के विरूद्ध दर्ज करायें एफआईआर, दो नायब तहसीलदारों पर जुर्माना लगाने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समय-सीमा बैठक में सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम बरतरा-बरतरी में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन की खुदाई कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में बीएसएनएल के ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा बीत जाने के बावजूद सीमांकन प्रकरणों का निराकरण न करने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने नायब तहसीलदार सिन्गौड़ी और देवराकला राजेन्द्र श्रीवास्तव एवं नायब तहसीलदार देवराकला अवंतिका तिवारी पर जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और अपर कलेक्टर श्री नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।



#### विभागीय योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन, समग्र ई-केवाईसी, जलगंगा संवर्धन अभियान एवं संबल पंजीयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी मंत्री के पत्र के अनुसार समितियों के गठन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

#### शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मासिक गेडिंग के मद्देनजर सभी विभागों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने जल संसाधन, हॉर्टीकल्चर, पीडब्ल्यूडी, स्कूल शिक्षा, वन, कृषि, अनुसूचित जाति, साईंस एण्ड टेक, नगरीय निकाय, श्रम, सहकारिता, वाणिज्यिक कर, वित्त, स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य विभाग, परिवहन, गृह विभाग, सामाजिक न्याय और खनिज विभाग की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वरोजगार मूलक योजनाओं से जुड़े विभागों जैसे एमएसएमई, हॉर्टीकल्चर, मत्स्यपालन, अनुसूचित जनजाति विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लायें।

बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में 12 से 14 मई के बीच 381 नये आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए।

#### फोकस करने दी हिदायत

फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने राजस्व अधिकारियों को लगातार फार्मर रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री की बकेटिंग पर भी फोकस करने की हिदायत दी। इस दौरान कलेक्टर ने तहसीलवार डाटा के डिजिटाइजेशन प्रगति और 7वीं लघु सिंचाई की भी समीक्षा करते हुये शीघ्र इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

#### भ्रमण कर कार्य का लें जायजा

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में 1 मई से शुरू हुये मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को तय समय-सीमा में मकान सूचीकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को फील्ड का भ्रमण कर जनगणना कार्य का जायजा लेने की हिदायत दी।

# किसान खसरा व बकेट को जोड़े नहीं तो होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में कृषि सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए 'फार्मर रजिस्ट्री' का काम तेजी से चल रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे समय रहते फार्मर रजिस्ट्री में अपनी आईडी के साथ सभी खसरों और बकेट को अनिवार्य रूप से जोड़ लें। भविष्य में किसानों को खाद वितरण, फसल उपार्जन और अन्य सरकारी योजनाओं एवं लाभों का निर्धारण फार्मर रजिस्ट्री में दर्ज जानकारी के आधार पर किया जाएगा।

#### कम खसरे जोड़ने पर मिलेगा सीमित लाभ

कलेक्टर श्री तिवारी ने बताया कि यदि किसी किसान ने अपने बकेट में शामिल सभी खसरों को नहीं जोड़ा, तो भविष्य में उनके रिकॉर्ड में उपलब्ध सीमित रकबे के आधार पर ही खाद का वितरण या फसल की खरीदी की जाएगी। इसके कारण किसानों को आर्थिक और प्रशासनिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, इसलिए सभी कृषक अपनी जानकारी को पूरी तरह सही और अपडेट करा लें।

जिले में फार्मर रजिस्ट्री के तहत कुल चिन्हित बकेट 7 लाख 4 हजार 972 है। जिसमें किसानों द्वारा क्लेम किए गए बकेट 2 लाख 25 हजार 169 के साथ कुल प्रगति 31.94 प्रतिशत है। बहोरीबंद तहसील 38.34 प्रतिशत की प्रगति के साथ जिले में शीर्ष पर है।

#### किसान स्वयं या केंद्र पर जाकर ऐसे करें अपडेट

किसानों की सुविधा के लिए पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया गया है। किसान अपने मोबाइल पर फार्मर रजिस्ट्री ऐप डाउनलोड करके या शासन की आधिकारिक वे ब सा इ ट w.w.w.mpfr.agristack.gov.i पर जाकर खुद बकेट और खसरे की जानकारी अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा वे स्थानीय युवाओं, लोक सेवा केंद्र या राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों की मदद भी ले सकते हैं।

#### ताकि मिलता रहे लाभ

जिला प्रशासन ने सभी किसानों से इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का आग्रह किया है ताकि उन्हें भविष्य में निर्बाध रूप से सभी सरकारी योजनाओं, खाद वितरण एवं उपार्जन संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलता रहे।

# झाड़फूंक के बहाने छेड़छाड़ करने वाले कथित बाबा को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

झाड़-फूंक के नाम पर एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले कथित बाबा को निवार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने 12 मई 2026 को निवार चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी बाबा ने झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर माधवनगर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 431/26, धारा 74, 75, 79, और 351(2) BNS (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया था।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया व थाना प्रभारी माधवनगर श्री संजय दुबे के नेतृत्व में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी बाबा को धर दबोचा। आरोपित नुनी दाहिया 33 वर्ष पिता अन्तू दाहिया निवासी शाहपुर थाना माधवनगर को दिनांक 18 मई को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।



### प्रौढ़ ने लगाई फांसी, हादसे में महिला की मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना के ग्राम मवई में एक व्यक्ति द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार ग्राम चरगवाँ और मवई के बीच एक महुआ के पेड़ से छोटे लाल लोधी 50 वर्ष का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना 17 मई की बताई जा रही है। मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। वहीं रीठी थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना प्वाइंट्समैन द्वारा पुलिस को दी गई। थाना बड़वारा के ग्राम भजिया की रहने वाली सितारा बी 62 वर्ष सड़क हादसे का शिकार हो गईं। 17 मई की शाम करीब 5:30 बजे हुए हादसे के बाद उन्हें शासकीय जिला अस्पताल कटनी ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बिना अनुमति उत्खनन पर बोरिंग मशीन की गई जब्त



थाना प्रभारी बरही निरी.अरविंद कुमार चौबे के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम उबरा में पुलिस ने बोरिंग मशीन जब्त करने की कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उबरा में बिना अनुमति के रोटरी बोर मशीन द्वारा नलकूप खनन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस स्टाफ को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि एक ट्रक क्रमांक CG 07 CT 0810 में रोटरी बोर मशीन लगाकर नलकूप खनन किया जा रहा था। जिसे चालक राधेश्याम केवट पिता रामकिशोर केवट 27 साल निवासी परासी थाना मानपुर जिला उमरिया आपरेट कर रहा था। उक्त वाहन चालक से बोरिंग की अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे गए, परंतु उनके द्वारा कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की गई। जिला मजिस्ट्रेट कटनी के आदेश अनुसार जिले में लागू प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर उक्त ट्रक को जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 223(a), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही में एएसआई दिनेश सिंग बघेल, प्र आर सतीश हल्दकार, आर विवेक श्रीवास्तव, विवेक यादव की भूमिका रही।

# कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और पीड़ितों को राहत व पुनर्वास सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति का पुनर्गठन किया है।

पुनर्गठित समिति में कुल 22 सदस्य होंगे। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी होंगे समिति में खजुराहो सांसद व्हीडी शर्मा, शहडोल सांसद हिमाद्रि सिंह, बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक और मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

समिति में शासकीय सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक कटनी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी न्यायालय और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के जिला संयोजक के रूप में शामिल किया गया है।

जबकि राजपत्रित अधिकारियों में जिला रोजगार अधिकारी डी. के. पासी, महिला सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री वनश्री कुरवेती और सहकारिता एवं सहायक पंजीयक राजयश वर्धन कुरील को शामिल किया गया है।

वहीं अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग से गैर सरकारी सदस्य के रूपा दाहिया, जया बैस, मनोज चौधरी, शिवकुमार चौधरी (बबलू), रतिराम कोल, रमेश कोल (मदारी), अनिल बागरी और राजेश चौधरी को सदस्य बनाया गया है। इसके अतिरिक्त, गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) की श्रेणी से सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री राजेन्द्र कौर लाम्बा को भी समिति में शामिल किया गया है।

#### मुकदमों की होगी समीक्षा

इस समिति की बैठक कम से कम तीन माह में एक बार आयोजित करना अनिवार्य होगा। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों की सघन समीक्षा की जाएगी।

### विजयराघवगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही, 63 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब की गई जब्त

# धरा गया तस्कर, 5 पेटी देशी एवं 2 पेटी अंग्रेजी शराब सहित कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चारपहिया वाहन से शराब की तस्करी करने के मामले में विजयराघवगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुये 63 लीटर अवैध शराब के साथ टोयोटा ग्लेंजा कार को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में नशीले पदार्थों और अवैध शराब के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत यह कार्यवाही की गई। कार से भारी मात्रा में अवैध देशी और अंग्रेजी शराब ज़ब्त की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ निरीक्षक रीतेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा यह रेड कार्रवाई की गई।



सोमवार को पुलिस टीम को मुखबिर से अवैध शराब परिवहन की सटीक सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया मोड़ तालाब के पास चेकिंग लगा कर एक संदिग्ध कार को रोका। लक्जरी कार की डिक्की से मिली अवैध शराबकार चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रफीक अहमद उर्फ सोनू, निवासी आजाद चौक विजयराघवगढ़ होना बताया। जब पुलिस ने टोयोटा ग्लेंजा कार क्रमांक MP 21 ZJ 0141 की डिक्की की तलाशी ली तो उसमें 7 कार्टून (पेटी) बरामद हुए। जब इन पेटियों को खोला गया तो पुलिस को भारी मात्रा में शराब मिली जिसमें देशी प्लेन शराब 05 पेटी कीमती लगभग 25,000 एवं अंग्रेजी गोवा शराब 02 पेटी कीमती लगभग 14,000 शामिल रही। पुलिस ने मौके से कुल 63 लीटर अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही टोयोटा ग्लेंजा कार को ज़ब्त कर लिया है। आरोपी रफीक अहमद उर्फ सोनू के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है।

### 7 दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश नहीं तो होगी एकपक्षीय कार्यवाही

# समय पर आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर अधिकारियों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा बीत जाने के बाद विभिन्न विभागों द्वारा 192 आवेदनों के निराकरण पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रूख अपनाते हुये संबंधित अधिकारियों और पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने लोक सेवा गारंटी पोर्टल की समीक्षा में पाया कि नाप-तौल विभाग के द्वारा 100, तहसीलदार स्लीमनाबाद के द्वारा 6, नायब तहसीलदार धरवारा के द्वारा 5 के अलावा नायब तहसीलदार उमरियापान, नगर पंचायत बरही, तहसील कटनी ग्रामीण, नायब तहसीलदार कौड़िया, नायब तहसीलदार कन्हवारा, ग्राम पंचायत नन्हवारा, ग्राम पंचायत देवरी और ग्राम पंचायत छिहाईपिपरिया के द्वारा 3-3 आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बाद किया गया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत भैसवाही, ग्राम पंचायत झिरिया, ग्राम पंचायत बाकल, ग्राम पंचायत झरेला, ग्राम पंचायत भुड़सा, ग्राम पंचायत पंशोकर, ग्राम पंचायत कुठिया महगवां, ग्राम पंचायत हदरहटा, ग्राम पंचायत भदौरा, ग्राम पंचायत लालपुर और ग्राम पंचायत भटगवां में दो-दो आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा बीत जाने के बाद किया गया है।

जबकि एसडीएम बहोरीबंद, जनपद पंचायत बड़वारा, नायब तहसीलदार पहाड़ी, ग्राम पंचायत घुनौर, ग्राम पंचायत पथरहटा, ग्राम पंचायत खिरवा नंबर 1, ग्राम पंचायत खलवारा, ग्राम पंचायत उरदानी, ग्राम पंचायत जारारोडा, ग्राम पंचायत मड़ई, ग्राम पंचायत पटवारा, ग्राम पंचायत खमतरा, ग्राम पंचायत तिलगवां, ग्राम पंचायत डिठवारा, ग्राम पंचायत पोड़ी, ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया, ग्राम पंचायत हिरावारा, ग्राम पंचायत बिरहुली, ग्राम पंचायत थनौरा, ग्राम पंचायत गुलवारा, ग्राम पंचायत बरयारपुर, ग्राम पंचायत रैपुरा, ग्राम पंचायत धुधरी, ग्राम पंचायत बड़खेरा, ग्राम पंचायत बनसान, ग्राम पंचायत लखनखेड़ा, ग्राम पंचायत कुम्हरवारा, ग्राम पंचायत नदावन, ग्राम पंचायत बुजबुजा, ग्राम पंचायत कुआं, ग्राम पंचायत पथवारी, ग्राम पंचायत कछारगांव, ग्राम पंचायत मंगेली, ग्राम पंचायत बरेली और ग्राम पंचायत बिचपुरा में 1-1 आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के बाद किया गया है।

#### तो होगी कार्यवाही

कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम बहोरीबंद, जनपद पंचायत सीईओ के सीईओ, तहसीलदार स्लीमनाबद, सीएमओ नगर परिषद बरही, तहसीलदार कटनी ग्रामीण, नापतौल कटनी के निरीक्षक, नायब तहसीलदार धरवारा, कौड़िया, कन्हवारा, पहाड़ी उमरियापान और संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों को जारी कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये कहा है कि आपके द्वारा आवेदनों का निराकरण लोक सेवा गारंटी अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा पश्चात किया गया है, जो लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2010 के विपरीत है, इस हेतु क्यों न आपके विरूद्ध लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2010 की धारा 6 एवं 7 के अंतर्गत समय-सीमा बाह्य आवेदनों पर शास्ति अधिरोपित किया जाये। इस संबंध में समय बाह्य आवेदनों का पालन प्रतिवेदन 7 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चत करें, प्राप्त जवाब संतोषप्रद न होने की दशा में अधिनियम अंतर्गत शास्ति अधिरोपित किये जाने की एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

# जिले को मिलेगी 360 एमटी नीम कोटेड यूरिया और 830 मीट्रिक टन डीएपी खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जायद फसलों के लिए यूरिया और डीएपी खाद की दो रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 360 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया और 830 मीट्रिक टन डीएपी मिली है। झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर खाद जिले में लाई जा रही है। जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र को 140 मीट्रिक टन और मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि मार्केटिंग सोसाइटी सीएमएस उमरियापन-ढीमेरखेड़ा और सीएमएस बाकल को 50-50 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। वहीं एमपी एग्रो कटनी को 30 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। इसी प्रकार डबल लॉक केन्द्र कटनी व मझगवां बड़वारा को 160-160 मीट्रिक टन डीएपी और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र को 150 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की जायेगी। जबकि सहकारी बैंक कटनी को 120 मीट्रिक टन और एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की जायेगी।

वहीं सीएमएस कटनी, सीएमएस उमरियापान ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन और सीएमएस बाकल को 30-30 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की जाएगी।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिले में बिना ई-टोकन के खाद का वितरण न हो। किसान की जमीन (खसरा नंबर) और बोई गई फसल के आधार पर खाद की मात्रा सॉफ्टवेयर द्वारा तय की जाएगी। इससे जरूरत से ज्यादा भंडारण या कालाबाजारी पर पूरी तरह लगाम लगेगी। किसान अब घर बैठे पोर्टल पर देख सकेंगे कि किस केंद्र पर कितना स्टॉक उपलब्ध है। किसान भाई अपनी सुविधा अनुसार प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां (PACS), डबल लॉक केंद्र और निजी विक्रेता। सशुल्क सेवा एमपी ऑनलाइन और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) केंद्रों पर जाकर ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

## कलेक्टर से मांग खरीदी केन्द्रों पर हो निष्पक्ष टीम द्वारा जांच

**पथरिया।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं,मसूर,चना की खरीदी की जा रही है जिसमें किसानों के अनाज सर्वेयर द्वारा देखकर तय क्वालिटी के हिसाब से लेना है लेकिन कई केंद्र पर मसूर की खरीदी ऐसी हो रहा जिसमें क्वालिटी तय मानकों के अनुसार नही है फिर भी खरीद कर तौल हो चुकी है लेकिन सोचने वाली बात यह है कि शासन के निर्देश सब किसानों को एक जैसे लागू होते हैं ना कि चुनिंदा किसानों के लिए पर खरीदी केन्द्रों पर सर्वेयर व समिति प्रबंधकों की मनमर्जी से सब चल रहा है जिला कलेक्टर द्वारा विगत दिनों औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की गई उसके बाद भी कोई फर्क नही दिख रहा है। जिला कलेक्टर से मांग है कि पथरिया ब्लाक के खरीदी केन्द्रों पर आकस्मिक निरीक्षण बिना सूचना के हो जाए हकीकत सामने आयेगी कि किस तरह से खरीदी चल रही है।

## किसान के खेत में मिला दुर्लभ प्रजाति का भारतीय तारा कछुआ सुरक्षित रूप से वन विभाग को सौंपा

**पन्ना।** उत्तर वन मंडल पन्ना के बीट देवेंद्रनगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी महेंद्र प्रजापति के खेत में एक अत्यंत दुर्लभ प्रजाति का कछुआ दिखाई दिया। यह प्रजाति भारतीय तारा कछुआ के नाम से जानी जाती है। जो कि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत संरक्षित और संकटग्रस्त प्रजाति हैं। महेंद्र प्रजापति ने इसकी सूचना सीबीएमओ डॉ अभिषेक जैन को दी गई। जिसकी सूचना वन विभाग के बीट प्रभारी शारदा प्रसाद राय को दी गई। वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और विधिवत पंचनामा तैयार कर कछुए को अपने संरक्षण में लिया। गौरतलब हैं कि भारतीय तारा कछुआ भारत में पाया जाने वाला एक बेहद सुंदर कछुआ है, जिसकी पीठ पर तारे जैसी पीली धारियाँ बनी होती हैं। इसी वजह से इसे "स्टार टॉर्टॉइज़" कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम जियोकलोंन एलिगेंस हैं। एवं इसका आवास सूखे घास के मैदान, झाड़ीदार क्षेत्र और जंगल हैं। भारत में पाए जाने वाले क्षेत्र मध्य भारत, दक्षिण भारत और राजस्थान के कुछ हिस्से हैं। एवं इनका भोजन घास, पत्तियाँ, फल और फूल हैं। एवं इनकी आयु लगभग 30दृ50 वर्ष तक जीवित रह सकता है। इसकी खास बातें।इसकी खोल पर बना तारे जैसा डिजाइन इसे बहुत आकर्षक बनाता है। यह शांत स्वभाव का होता है और धीरे चलता है।अवैध तस्करी के कारण इसकी संख्या घट रही है। संरक्षण इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन आफ नेचर के अनुसार यह प्रजाति संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती है। भारत में वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत इसे सुरक्षा प्राप्त है। इस कार्रवाई में बीट प्रभारी शारदा प्रसाद राय, वन सुरक्षा श्रमिक रघुवीर सिंह, विश्राम सिंह, राजेश यादव, रामसिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के गूंजे जयकारे

# पुरुषोत्तम मास के प्रथम सोमवार पर जागेश्वरनाथ धाम में उमड़ी भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव धाम में पुरुषोत्तम मास के प्रथम सोमवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जो देर शाम तक निरंतर जारी रही। मंदिर परिसर में "हर-हर महादेव" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जिलेभर से पहुंचे श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य मानते नजर आए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से जल अर्पण कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति की कामना की। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक श्री राम कृपाल पाठक ने बताया कि पुरुषोत्तम मास दान-पुण्य, यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व रखने वाला महीना है। बांदकपुर धाम बुंदेलखंड का प्रमुख तीर्थ स्थल होने के साथ-साथ सर्वदेव दर्शन का केंद्र भी है, जहां इस पावन माह में दर्शन और पूजन से अनंत गुना पुण्य लाभ प्राप्त होता है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर ट्रस्ट द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। वहीं सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित और सुव्यवस्थित रही। धार्मिक मान्यता है कि बांदकपुर धाम में स्थित स्वयंभू दिव्य शिवलिंग के दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही अटूट आस्था और विश्वास भक्तों को यहां खींच लाता है। कुल मिलाकर, पुरुषोत्तम मास के प्रथम सोमवार पर जागेश्वरनाथ धाम में जिले भर से उमड़ी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि आस्था और विश्वास के आगे हर दूरी छोटी पड़ जाती है।

## अधिक मास के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**दमोह।** श्री देव श्यालाधीश प्यासी मंदिर में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारबिंद से कथा श्रोता डाक्टर केदारनाथ शर्मा जी कलश यात्रा पहले पंडित जी आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश का पूजन किया गया। श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो टॉकीज चौराहा



,बकौली चौक ,घंटाघर,बूदाबहु मंदिर, श्रद्धालुः कलश यात्रा में पारंपरिक पीले वस्त्र पहनकर महिलाएं और भक्त सिर पर कलश रखकर गाजे-बाजे और जयकारों के साथ शामिल हुए। कथा स्थल श्री देव श्यामलाधीश प्यासी मंदिर में पूजन कर घट स्थापना की गई। पहले दिन कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा आज प्रथम दिन किशोरी जी ने कहा कि सनातन धर्म में पुरुषोत्तम मास अत्यंत पुण्यकारी और मांगलिक माना जाता है, कलश में पवित्र जल भरकर नगर भ्रमण करने से सम्पूर्ण वातावरण शुद्ध और भक्तिमय हो जाता है, जिससे कथा स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। किशोरी जी ने प्रथम दिवस भागवत महात्म्य' की सुंदर कथा सुनाई गई सभी वेदों का सार मानी जाने वाली इस कथा को सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है ।पुरुषोत्तम मास अनुष्ठान के आयोजन यह मास भगवान विष्णु और कृष्ण की भक्ति के लिए समर्पित होता है। इस दौरान श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक पुण्य फलों की प्राप्ति होती है।कथा का यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण किशोरी वैष्णवी गर्ग एवं लोकल न्यूज चैनल पर प्रति दिन शाम 4 बजे से होगा। कथा श्रोता डाक्टर केदारनाथ शर्मा ने कथा स्थल श्री प्यासी मंदिर आशीर्वाद गार्डन के पास दमोह में आकर कथा का रसपान करने की अपील की है।

# नर्मदा जल आवर्धन योजना भी नाकाम दो से चार दिन बाद मिल रहा पानी

### 40 से 50 मिनट हो रही पानी की सप्लाई, कर्मचारियों की चलती हैं मनमानी, आए दिन देर-रात खुले जाते नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर में भीषण गर्मी के बीच नर्मदा जल आवर्धन योजना लोगों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित होती नजर आ रही है। लगभग 33 करोड़ रुपए से अधिक लागत की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य नगरवासियों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। नगर के विभिन्न वार्डों में कभी एक दिन, कभी दो दिन तो कहीं तीन-चार दिन छोड़कर मात्र 40 से 50 मिनट तक ही पानी की सप्लाई हो पा रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वार्डवासियों का आरोप है कि नल चालू करने वाले कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं और पानी सप्लाई का कोई निर्धारित समय नहीं है जिसके कारण लोग दिन-रात पानी के इंतजार में बैठे रहते हैं, लेकिन समय पर पानी नहीं मिल पाता कई वार्डों के अंतिम कनेक्शनों तक पानी पहुंच ही नहीं रहा जबकि कहीं बूंद बूंद पानी आ रहा है तो कहीं पर्याप्त मात्रा में सप्लाई हो रही है इस असमान व्यवस्था से नगरवासियों में भारी आक्रोश है।

### नगर में नहीं हो रही नियमित सप्लाई

बताया जा रहा है कि नगर में तीन साल पहले ही जबलपुर जिले के भेड़ाघाट से नर्मदा जल पहुंच चुका था। लम्हेटाघाट में बने अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र से तेंदूखेड़ा सहित सात नगरों को पानी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए लगभग 40 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन आज भी कई वार्डों में नियमित पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### कागजों तक सीमित रह गई योजना

लोगों का कहना है कि योजना केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है। पानी की कमी के कारण नागरिक अन्य जलस्त्रोतों पर निर्भर होने को मजबूर हैं। वहीं बिजली बंद होने या पाइपलाइन में खराबी आने पर तीन-तीन दिन तक पानी नहीं मिलता। टंकियों को भरने में लगभग 11 घंटे लगते हैं, जबकि सप्लाई शुरू होते ही मात्र तीन घंटे में टंकियां खाली हो जाती हैं कई बार पाइपलाइन फटने से भी जलापूर्ति बाधित हो जाती है।

### कुछ वार्डों में सबसे पहले होती है सप्लाई शुरू

नगर के कुछ लोगों का आरोप है कि नगर के कुछ वार्डों में सुबह से ही पानी सप्लाई शुरू कर दी जाती है जबकि अन्य वार्डों में कोई समय निर्धारित नहीं है जिन वार्ड में सबसे पहले पानी की सप्लाई शुरू की जाती है वहां के पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों का दबाव रहता है

### इनका कहना है

लगातार शिकायतें मिल रही हैं। संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई है और जल्द ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा ताकि लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई कर्मचारी मनमानी करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**सीजी गोस्वामी एसडीएम तेंदूखेड़ा**

## उप-स्वास्थ्य केन्द्र बांसा तारखेडा में 20 यूनिट रक्त एकत्रण

**दमोह।** जरूरतमंद मरीजों को समय पर पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराने तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज उप स्वास्थ्य केन्द्र बांसा तारखेडा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय समाजसेवी ऋषि परिहार एवं सी.बी.एम.ओ. डॉ. अमित मिश्रा की विशेष उपस्थिति में क्षेत्र के पुरूषों, महिलाओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं द्वारा भी रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया गया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करना पूरी तरह सुरक्षित है। आपका रक्त अमूल्य है, आज आपके द्वारा किये गये रक्तदान से जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है। जिला पैथालॉजिस्ट डॉ. प्रशांत सोनी के मार्गदर्शन और सी.बी.एम.ओ. हिण्डोरिया डॉ. अमित मिश्रा की निगरानी में जिला स्तर से पहुची वातानुकूलित मोबाईल ब्लड डोनेशन वैन के माध्यम से रक्त संग्रहण किया गया। शिविर में 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर बीसीएम हेमन्त शुक्ला, सेक्टर सुपरवाईजर राजेश पाण्डेय, सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाईजर सहित सीनियर लैब टैक्नीशियन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

## भक्ति के लिए कोई उम्र नहीं: पं. आशीष गुरू



**बनवार।** ग्राम बम्होरी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक पंडित आशीष गुरु कृष्णचरणानुरागी जी महाराज ने अपने ओजस्वी वचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति का गूढ़ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास का मार्ग है, जिससे भगवान के प्रति गहरी आस्था उत्पन्न होती है। सती प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने समझाया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले यह विचार अवश्य करना चाहिए कि वहां अपने इष्ट या गुरु का अपमान तो नहीं हो रहा। यदि ऐसी संभावना हो तो उस स्थान से दूर रहना ही उचित है। ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि द्वारा अपमानित किए जाने के बावजूद उनकी माता सुनीति ने धैर्य और संयम नहीं खोया, जिससे एक बड़ा संकट टल गया। उन्होंने कहा कि परिवार को सहेजकर रखने के लिए धैर्य और संयम अत्यंत आवश्यक है। पंडित जी ने भक्त ध्रुव की कठोर तपस्या का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति के मार्ग में उम्र कभी बाधा नहीं बनती। यदि पांच वर्ष का बालक ध्रुव सच्ची भक्ति से भगवान को प्राप्त कर सकता है, तो हम क्यों नहीं। उन्होंने बच्चों में संस्कार और भक्ति के बीज बचपन से ही बोने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति से भगवान स्वयं अपने भक्तों के पास चले आते हैं। कथा के दौरान भजनों और प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा वातावरण "हरि नाम" के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कुल मिलाकर, कथा का तीसरा दिन समाज को यह संदेश दे गया कि सच्ची श्रद्धा, धैर्य और भक्ति से ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है।


## पुरुषोत्तम माह में निःशुल्क प्रसाद वितरण सेवा का आयोजन

**दमोह।** पवित्र पुरुषोत्तम माह के शुभ अवसर पर धर्म एवं सेवा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार बेलाताल टापू द्वारा रेलवे स्टेशन दमोह पर प्रतिदिन निःशुल्क भोजन (प्रसाद) वितरण की व्यवस्था की गई है। इस सेवा कार्य के अंतर्गत 17 मई से 15 जून तक प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से जरूरतमंदों, यात्रियों एवं आमजन के लिए निःशुल्क प्रसाद उपलब्ध कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग इस सेवा का लाभ उठा रहे हैं और आयोजन की सराहना कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम माह में सेवा, दान और धर्म का विशेष महत्व होता है, इसी भावना के साथ यह निरंतर भोजन सेवा प्रारंभ की गई है। इस सेवा कार्य में पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज एवं श्री शिव साईं सेवाभाव परिवार शिव साईं धाम वेलाताल टापू दमोह की प्रमुख भूमिका रही है।

# खंडित हुई भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा

### सांसद बोलेः नवीन प्रतिमा होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के जबेरा जनपद अंतर्गत ग्राम रोड स्थित महादेव घाट पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के खंडित होने का मामला सामने आते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। करीब छह माह पूर्व सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा स्थापित यह प्रतिमा अचानक क्षतिग्रस्त पाई गई, जिससे जनभावनाएं आहत हुई हैं। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब रविवार को गोंड महासभा की बैठक के बाद समाजजन प्रतिमा स्थल पर दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान प्रतिमा खंडित अवस्था में दिखाई दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते ही लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। घटना के बाद सांसद राहुल सिंह लोधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए भगवान बिरसा मुंडा को अपना आराध्य बताते हुए नवीन प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर, भगवान बिरसा मुंडा जयंती से पूर्व नई प्रतिमा स्थापित कर विधिवत अनावरण किया जाएगा। साथ ही लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। सांसद ने यह भी जानकारी दी कि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह के सहयोग से लगभग 30 लाख रुपये की लागत से प्रतिमा स्थल पर बाउंड्री वॉल और सौंदर्यकरण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसके पूर्ण होने के बाद महामहिम राज्यपाल द्वारा अनावरण किया जाएगा।इधर, गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ के जबेरा ब्लॉक उपाध्यक्ष दिनेश कुमार परस्ते ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना के बाद भी अब तक सुरक्षा और सौंदर्यकरण के कार्य अधूरे हैं। यदि समाजजन वहां नहीं पहुंचते तो यह मामला सामने ही नहीं आता। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने से पहले उनके संरक्षण, सुरक्षा और नियमित निगरानी की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके और उनके सम्मान में कोई कमी न आए।

वहीं, घटना की जानकारी पुलिस को औपचारिक रूप से नहीं दी गई थी, बावजूद इसके थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजकर जांच करवाई। प्रारंभिक जांच में प्रतिमा के प्राकृतिक रूप से खंडित होने की संभावना सामने आई है, हालांकि विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।इस बीच, समाजजनों ने आस्था और सम्मान को ध्यान में रखते हुए खंडित प्रतिमा को सफेद कपड़े से पूरी तरह ढक दिया है, ताकि किसी प्रकार की अवमानना की स्थिति न बने।

फिलहाल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद नई प्रतिमा स्थापना की तैयारी शुरू होने की बात कही जा रही है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने व्यवस्थाओं की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

कुल मिलाकर, यह घटना व्यवस्था की कमी को उजागर करती है, जहां आस्था के प्रतीकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अब एक बड़ा सवाल बन गया है।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के लिए स्टेंडिंग कमेटी की हुई बैठक

### प्रेक्षक शरद कुमार श्रोत्रि 22 मई से 26 मई तक दमोह जिले में भ्रमण पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगरीय एवं ग्रामीण निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026-स्टेडिंग कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप नारायण यादव की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम जुड़वाया जाये, हम सभी प्रयास करें। सूची का प्रथम चरण प्रारंभ हो रहा है, द्वितीय चरण 15 मई 2026, दावा आपत्तियां वार्डवार स्थापित केन्द्र पर प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा 25 मई 2026 को अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त की जायेगी।

उन्होंने कहा नगरीय/ग्रामीण निकायों के सफल संचालन एवं निर्वाचन में पारदर्शिता की निष्पक्षता के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय चरण की कार्यवाही प्रारूप प्रकाशन 15 मई 2026 को किये जाने के फलस्वरूप आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्टेण्डिंग कमेटी के पदाधिकारियों को सूची का एक सेट दिया गया।

जिले के नगरीय निकायों में 114 वार्डो के 225 मतदान केन्द्रों पर 25 मई 2026 के अपरान्ह 3 बजे तक नगरीय निकाय के दावे आपत्ति प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा प्राप्त किये जायेंगे। जो युवा 18 वर्ष के हो गये है, वह अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने युवाओं से आव्हान किया नगरीय/ग्रामीण निकाय में प्रचार प्रसार कराया जाये। उन्होंने कहा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम, फार्म भरवकर जुड़वाये जायें, जो वधुयें विवाह बंधन में बंध कर नये स्थान पर आ गई हैं उनके नाम भी संशोधित किये जायें, यह कार्य ऑन लाईन वेबसाईट पर भी किया जा सकता है। नया नाम जोड़ने के लिये ई-आर-1 फार्म, नाम कटवाने के लिये ई-आर-2 फार्म एवं नाम संशोधन या पता सुधार के लिये ई-आर-3 फार्म से आवेदन किया जा सकेगा। प्रतिदिन सायं 5 बजे रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्राप्त दावे आपत्तियों की जानकारी स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। दावा आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण की अंतिम तिथि 30 मई 2026 निर्धारित है।

### प्रेक्षक आयेंगे दमोह

प्रेक्षक शरद कुमार श्रोत्रि 22 मई से 26 मई 2026 तक दमोह जिले में भ्रमण पर रहेंगे एवं सभी पंचायतों एवं नगरीय निकायों के दावे आपत्ति केन्द्रों का भ्रमण करेंगे।

### नगरीय निकायवार मतदाताओं की संख्या

जिले में कुल मतदाता170602 है जिनमें 86434 पुरूष, 84160 महिला एवं 08 तृतीय लिंग शामिल है। नगर पालिका दमोह में 49715 पुरूष, 48589 महिला, 07 तृतीय लिंग तथा 98311 कुल मतदाता है, इसी प्रकार नगर पालिका हटा में 12057 पुरूष, 11533 महिला, शून्य तृतीय लिंग तथा 23590 कुल मतदाता है, नगर परिषद हिण्डोरिया में 6360 पुरूष, 6166 महिला, शून्य तृतीय लिंग तथा 12526 कुल मतदाता है, नगर परिषद पटेरा में 4130 पुरूष, 3977 महिला, शून्य तृतीय लिंग तथा 8107 कुल मतदाता है, नगर परिषद पथरिया में 8544 पुरूष, 8225 महिला, 01 तृतीय लिंग तथा 16770 कुल मतदाता है एवं नगर परिषद तेन्दूखेड़ा में 5628 पुरूष, 5670 महिला, शून्य तृतीय लिंग तथा 11298 कुल मतदाता है।

### विकासखण्डवार मतदाताओं की संख्या

विकासखण्डवार 811982 मतदाताओं में 422507 पुरूष, 389471 महिला एवं 04 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। विकासखण्ड दमोह में 169809 मतदाताओं में 87902 पुरूष, 81907 महिला शामिल है। इसी प्रकार विकासखण्ड पथरिया में 114345 मतदाताओं में 59554 पुरूष, 54791 महिला, विकासखण्ड जबेरा में 126527 मतदाताओं में 65377 पुरूष, 61150 महिला, विकासखण्ड तेन्दूखेड़ा में 106105 मतदाताओं में 55083 पुरूष, 51021 महिला, एवं 01 तृतीय लिंग, विकासखण्ड हटा में 94446 मतदाताओं में 49639 पुरूष, 44807 महिला, विकासखण्ड पटेरा में 91136 मतदाताओं में 47601 पुरूष, 43535 महिला तथा विकासखण्ड बटियागढ़ में 109614 मतदाताओं में 57351 पुरूष, 52260 महिला एवं 03 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल है।

## कुंवरपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित



**हटा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद हटा, नवांकुर संस्था एवं नर्मदामाधव युवक सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में कुंवरपुर पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर में कुल 40 लोगों का पंजीयन किया गया। जांच के बाद 11 लोगों को मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र रोगों के ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। जहां सभी का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। इस अवसर पर गार्गी द्विवेदी, बीएस अजय कुमार निरंजन, जन अभियान परिषद की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर पुष्पा सिंह, जनपद सदस्य कन्हैया पटेल, सरपंच लोकराम सरवैया, रोजगार सहायक कमलेश पटेल, अजय पांडे, आशीष पांडे, सुनील सेन, देवांश पटेल, पुष्पेंद्र पांडे सहित लोगों की उपस्थिति रही।

## श्रीराधा नाम संकीर्तन के बिना भगवान श्रीकृष्ण का मिलना संभव नहीं: पं. शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय शैण्डेय बजरिया स्थित श्रीपाद शैण्डेय जी के निवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत मूल पाठ के द्वितीय दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने लगातार एक आसन पर बैठकर के प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक लगातार श्रीमद् भागवत के संस्कृत श्लोको का पाठ किया एवं पाठ के उपरांत भगवान श्री राधा कृष्ण के प्रेम के संबंध में कथा सुनाते हुए कहा कि श्री राधा जी के भजन के बिना भगवान श्री कृष्ण का मिलना संभव नहीं है इसलिए हम सभी के लिए राधा नाम का नित्य संकीर्तन करना चाहिए श्री शास्त्री ने श्री राधा जी एवं भगवान श्री कृष्ण के अलौकिक दिव्य प्रेम की कथा सुनाते हुए कहा कि एक बार भगवान कृष्ण एकान्त में राधा राधा पुकारते हुए भावविभोर हो जाते हैं उन्हें इस अवस्था में देखकर माता रुक्मिणी के मन में श्री राधाजी के दर्शन की इच्छा जागृत होती है वे प्रभु से प्रार्थना करती हैं कि वे उस स्वरूप के दर्शन करना चाहती हैं जिनका नाम लेकर प्रभु की आँखों से अश्रु बहने लगते हैं उचित समय आने पर जब ब्रजवासी और द्वारिका का परिकर प्रभास क्षेत्र में एकत्रित होते हैं तब प्रभु रुक्मिणीजी को अकेले राधाजी के दर्शन के लिए भेजते हैं जब रुक्मिणीजी राधाजी के महल के द्वार पर पहुँचती हैं तो वे वहाँ द्वार के पास ही खड़ी एक सखी को देखकर ही ठिठक जाती हैं उस सखी का सौंदर्य इतना अद्भुत होता है कि रुक्मिणीजी को लगता है कि यही राधाजी हैं जैसे-जैसे वे महल की सात सीढ़ियों को पार करती हैं हर सीढ़ी पर उन्हें एक नई सखी मिलती है जिसका रूप करोड़ों लक्ष्मियों से भी अधिक दिव्य होता है अंत में जब वे श्री राधाजी के समक्ष पहुँचती हैं तो उनके तेज और अनुपम सौंदर्य को देखकर स्तब्ध रह जाती हैं राधाजी के नित्य नवायमान हर क्षण बदलने और निखरने वाले स्वरूप को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाती हैं राधाजी के दर्शन कर जब रुक्मिणीजी वापस लौटती हैं तो उनकी आँखों से अश्रु बह रहे होते हैं रुक्मिणीजी स्वयं स्वीकार करती हैं कि अब तक वे अपनी और अन्य पटरानियों की शक्तियों पर गर्व करती थीं लेकिन राधाजी के प्रेम और रूप के आगे सब फीका है वे कृष्ण से पूछती हैं आप इनके बिना जीवित कैसे रहते हैं तब प्रभु उन्हें समझाते हैं कि वे कभी राधाजी से दूर नहीं होते वे सदैव उनके हृदय में और उनके समीप ही रहते हैं संस्कृत मूल पाठ एक आसन पर बैठकर प्रतिदिन प्रात 8:00 बजे से लगातार दोपहर 2:00 तक किया जाता है समस्त भक्तों से मूल पाठ श्रवण कर भक्ति लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### अज्ञात कारणों के चलते महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर दी जान

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहड़ में एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाई आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई की गई घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार पार्वती पति रामलाल गौड़ उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मोहड़ थाना तेंदूखेड़ा है जिसने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी है महिला के परिजनों ने बताया कि घर अन्य लोग खेत और जंगल गए हुए थे जब वो वापस लौटते तो महिला का घर के अंदर लटका हुआ था पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु तेन्दूखेड़ा लाया गया जहां पर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 20 दिन बाद बंधनों गांव में बहाल हुई नल-जल सप्लाई

**जबेरा।** भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत मुंडेरी के ग्राम बंधनों के निवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। खबर प्रकाशित होने के महज 24 घंटों के भीतर जिला प्रशासन और जल निगम विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए टीम को गांव भेजा। विभागीय अमले ने मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन की मरम्मत और लाइन चेकिंग का कार्य किया, जिसके बाद पिछले करीब तीन सप्ताह से बंद पड़ी नल-जल योजना की पेयजल आपूर्ति को पुनः सुचारू रूप से चालू कर दिया गया।जैसे ही गांव के नलों में पानी पहुंचा, ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी लौट आई। गांव के निवासी सुरेंद्र झरिया, मुकेश झरिया और महेंद्र झरिया ने बताया कि बीते 20 दिनों से वे पानी के लिए निजी और दूरस्थ जल स्रोतों पर निर्भर थे, जिससे काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने समस्या को प्रमुखता से उठाने के लिए समाचार पत्रों का आभार व्यक्त किया।

बेटे ने चाचा पर लगाए हत्या करने के आरोप, पुलिस मामले की कर रही जांच

# न्यायालय से पेशी कर घर लौट रहे पति-पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जमीनी विवाद के प्रकरण में न्यायालय हटा से पेशी कर घर वापस लौट रहे पति-पत्नी की हटा से पटेरा रोड पर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही डायलॉग 112 वाहन द्वारा दोनों को घायल अवस्था में हटा से बजाज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया गया। घटनाओं प्रांत मृतक के बेटे ने अपने ही चाचा पर हत्या कराई जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार पटेरा के समीप ग्राम हरपालपुरा निवासी हेमराज पिता गणेश अहिरवार उम्र 45 वर्ष, पत्नी खिलौना अहिरवार उम्र 40 वर्ष जो जमीनी विवाद के प्रकरण में हटाने आया लाइव पेशी पर आए हुए थे जहां पर पेशी कर अपनी बाइक से घर वापस लौट रहे थे कि रास्ते में कुआखेड़ा मझगुआ के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जैसी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जहां राहगीरों द्वारा 108 वाहन को फोन लगाने पर दोनों को सिविल अस्पताल हटा ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों को जानकारी लगते ही सिविल अस्पताल हटा पहुंचे। जहां पुलिस की मौजूदगी में मृतक बेटे राकेश ने चाचा तुलसीराम अहिरवार पर माता-पिता की हत्या कराने के आरोप लगाये राकेश ने बताया कि माता पिता जमीनी विवाद की पेशी कर हटा से घर लौट रहे थे और रास्ते में सड़क हादसा ह गया। राकेश ने आशंका जताते हुए बताया कि इसके पूर्व भी चाचा द्वारा माता-पिता के साथ मारपीट की गई थी जिसकी पुलिस थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। आज सोमवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से माता-पिता की मौत हुई है और आरोप लगाते हुए बताया कि चाचा के द्वारा ही यह घटना घटित कराई गई है। फिलहाल हटा पुलिस घटना की जांच कर रही है दोनों मृतक के पंचनामा कार्यवाही कर शवो को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया।

## पथरिया में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रक्रिया पर राज्यमंत्री ने आयुक्त से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कल नई दिल्ली में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त विकास गुप्ता से भेंट कर पथरिया में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने राज्यमंत्री श्री पटेल का अवगत कराया कि स्वीकृति हेतु अपेक्षित सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिया गया है तथा प्रस्ताव सकारात्मक रूप से



प्रक्रियाधीन हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा पथरिया के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की अपेक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि शीघ्र ही पथरिया को केंद्रीय विद्यालय की सौगात प्राप्त होगी, जिससे क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा।

### पटेरिया उपार्जन केंद्र में अनियमितता के चलते सर्वेयर को किया पद से पृथक

**दमोह।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति पटेरिया द्वारा चना-मसूर उपार्जन कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सर्वेयर पद पर कार्यरत कडोरी यादव को तत्काल प्रभाव से सर्वेयर पद से पृथक कर दिया गया है। जिला उपार्जन समिति के निरीक्षण के दौरान सहायक उप संचालक एवं सहायक पंजीयक द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में उपार्जन केंद्र के तीन सैंपलों में से एक मसूर का सैंपल NON FAQ श्रेणी का पाया गया, जिसमें विजातीय तत्व निर्धारित सीमा 3 प्रतिशत से अधिक मिले। जारी आदेशानुसार यह कार्य उपार्जन नीति के विरुद्ध है, इसलिए संबंधित कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से सर्वेयर पद से हटाने की कार्रवाई की गई।

## रसीलपुर उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर, तीन कर्मचारी तत्काल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

15 मई को रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत चना एवं मसूर उपार्जन केंद्र रसीलपुर में जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा किए गए निरीक्षण में अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति रसीलपुर में किसान सौरभ तिवारी, ग्राम हरद्वानी से चना उपार्जन में ₹170 प्रति क्विंटल एवं ₹35 तुलाई के तथा मसूर में ₹150 रुपए प्रति क्विंटल एवं ₹35 जुलाई के अलग से लिए जाने की बात सामने आई किसान को मौके में बुलाकर कथन एवं पंचनामा तैयार किया गया था। जारी आदेशानुसार सहायक समिति प्रबंधक प्रदीप दुबे, विक्रेता आशुतोष दुबे तथा चौकीदार शोभाराम पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर चना एवं मसूर उपार्जन कार्य से पृथक कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान समिति प्रबंधक का मुख्यालय शाखा हटा निर्धारित किया गया है, जबकि शेष दोनों कर्मचारियों का मुख्यालय समिति कार्यालय रहेगा।

### कन्हैयालाल चौबे को सौंपा गया उपार्जन केंद्र का प्रभार

समिति द्वारा रसीलपुर उपार्जन केंद्र का संपूर्ण प्रभार तत्काल प्रभाव से प्रभारी समिति प्रबंधक फतेहपुर (अजब धाम) कन्हैयालाल चौबे को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उपार्जन कार्य की चार्ज सूची शाखा हटा में प्रस्तुत करने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

## हाईवा की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 3 किसान घायल, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

क्षेत्र में सड़क हादसे थमने के नाम नहीं ले रहे हैं आए दिन मार्गों पर तेज रफ्तार के कारण दुर्घटनाएं घटित हो रही है जिसमें लोग घायल हो रहे हैं या फिर अपनी जान गंवा रहे हैं फिर भी वाहनों की रफ्तार पर कंट्रोल नहीं किया जा रहा हैं या फिर शराब के नशे में चूर हो कर सामने आ रहे वाहनों को टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो रहे हैं ऐसा ही घटनाक्रम सोमवार की सुबह 10 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ है जब एक तेज रफ्तार हाईवा ने गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई उसमें सवार तीन किसान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट वाहन की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया हादसा तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर नरगुवा की घाट पर हुआ मार्ग से गुजरे रहे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि



हादसा इतना भीषण था कि हाईवे की टक्कर से ट्रैक्टर किसानों के ऊपर ही पलट गया और ट्राली खड़ी हो गई हादसा उस समय हुआ जब किसान अपनी फसल को अपने गांव रिचकुडी से बेचने के लिए तेंदूखेड़ा मंडी आ रहे थे सुबह करीब 10 बजे हुए हादसे में ट्रैक्टर के पहिए ऊपर उठ गए और वह बीच सड़क पर पलट गया इस हादसे के बाद हाईव चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया है स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला और स्वास्थ्य केंद्र भेजा

### तीन लोग हुए घायल दो जबलपुर रेफर

इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनमें धर्मेंद्र पिता मनोज पाल उम्र 15 वर्ष मनोज पिता लख्खू पाल उम्र 40 वर्ष कल्लू पिता हल्लू यादव उम्र 40 वर्ष तीनों घायल किसान रिचकुडी महगुवा



गांव के निवासी हैं जो अपनी फसल को बेचने के लिए मंडी आ रहे थे हादसे में तीनों के सिर और हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई हैं धर्मेंद्र पाल और कल्लू यादव को गंभीर चोटें आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जबकि अन्य एक का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची लेकिन तब तक घायल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे चुके थे जिसके बाद पुलिसकर्मी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी घायलों से ली पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अज्ञात हाईवा वाहन और चालक की तलाश शुरू कर आगे की कार्रवाई की जा रही है हादसे में किसानों की गेहूं से भरी बोरियां फटकर गेहूं सड़क पर बिखर गया जिससे किसानों को लाखों का नुक़सान हुआ है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है

### बिना निरीक्षक के थाना का संचालन आखिर कब तक

**पथरिया।** एक तरफ पथरिया को जैसे ही मंत्री पद से नवाजा गया तो लगा कि अब विधानसभा क्षेत्र की दिशा दशा बदलेगी। तस्वीर अलग नजर आयेंगी पर ऐसी स्थिति बनेगी सोचा भी नही था। आमजन ने कभी कि शराब का कारोबार ऐसे चल रहा कि शराब दुकान से ज्यादा अन्य जगहों से शराब बिक रही हैं। अब भगवती मानव कल्याण के सदस्यों को आये दिन अवैध शराब पकड़ रहें हैं लेकिन पुलिस नही। आखिर क्यों किसके इशारे पर यह सब चल रहा है। विगत दिनों पथरिया थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया जिसके बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा किसी की भी पदस्थापना के आदेश जारी नही हुए क्या प्रभारी के भरोसे थाना चलेगा या खोज चल रही है कि आखिर किसकी पदस्थापना कराई जाए जो यहां के माहौल में ढल सकें। कहने के लिए प्रदेश सरकार में पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री का विधानसभा क्षेत्र है लेकिन उसके बाद भी अवैध कारोबार चरम पर है इससे कहीं ना कहीं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को भी विचार करना चाहिए कि हमारे क्षेत्र में ऐसा माहौल क्यों बना हुआ है।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में लगा निःशुल्क जांच शिविर

**पटेरा।** नगर में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तृतीय दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पहुंचकर यज्ञ में शामिल होकर कथा का लाभ प्राप्त करने पहुंच रहे है। इस अवसर पर लाइव मेडिसिटी हॉस्पिटल जबलपुर से पांच डॉक्टरों ने पहुंचकर नगर वासियों की निशुल्क जांच की। साथ ही निशुल्क सारी व्यवस्थाएं प्रदान की। पटेरा नगर लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यह बहुत बड़ा कार्य आज समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से हुआ है। डॉक्टरो की टीम का आयोजन समिति के द्वारा सम्मान किया गया।



## साहूकारों के कर्ज से प्रताड़ित युवक ने कीटनाशक का किया सेवन

**हटा।** थाना क्षेत्र की समीप पश्चिम ग्राम रसीलपुर में सोमवार की दोपहर एक युवक किसान ने साहूकारों के कर्ज से तंग आकर कीटनाशक का सेवन कर लिया जिसे तुरंत ही परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जहां अस्पताल में पंचनामा कार्यवाही के दौरान पुलिस को तलाशी के दौरान मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला जिसमें साहूकारों से प्रताड़ित किए जाने का घटनाक्रम भी सामने आया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम का घटना को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार रसीलपुर निवासी लक्ष्मी पिता रामा पटेल जो खेती किसानी का काम करता था लेकिन कुछ समय से साहूकारों के कर्ज से परेशान था जिसने सोमवार की दोपहर गांव के पास बगीचा में कीटनाशक का सेवन कर लिया घटना की जानकारी लगते ही परिजनों द्वारा आनन फानन में सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के

### हटा में उपचार के दौरान मौत, सुसाइड नोट में प्रताड़ित साहूकारों पर लगाए आरोप, पुलिस मामले की कर रही पड़ताल

भाई प्रकाश पटेल ने बताया कि भाई लक्ष्मी कुछ महीनो से साहूकारों के कर्ज से प्रताड़ित था भाई के द्वारा सभी कर्ज भी चुका दिया गया था उसके बावजूद भी साहूकार परेशान करती थे जिस कारण यह घटना घटित हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के पास से पुलिस शव पंचनामा कार्यवाही के दौरान सुसाइड नोट मिला है जिसमें मृतक लक्ष्मी द्वारा साहूकार अमन खान, सुरेश पटेल मझगुआ, राजेश बमोरी, सुनील पटेल मंगोलपुर सहित चार-पांच लोगों के नाम लिखी पाए गए हैं। प्रकाश ने बताया कि घटना की तीन-चार दिन पूर्व भी साहूकारों द्वारा भाई को जान से मारने की धमकी दी गई थी। फिलहाल पुलिस ने घटना में मर्ग कायम कर सुसाइड नोट को जप्त कर जांच में लिया है।

अभियान शुरू, वृद्धजन से केवाईसी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा

# सेवा और आशीर्वाद अभियानः 1664 वृद्धजनों की पेंशन होगी बहाल

### ईकेवायसी पूर्ण हो चुके पेंशनर्स को पुनः पेंशन हेतु पोर्टल पर जोडे जाने की कार्यवाही 6 जून से 10 जून तक की जायेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में जनसुनवाई, वृद्ध आश्रम भ्रमण, ग्रामों में रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे वृद्धजन सामने आए, जो पात्र होने के बावजूद भी समग्र ई-केवाईसी पूर्ण न होने के कारण पिछले 8-9 माह से वृद्धावस्था पेंशन से वंचित हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने वृद्धजनों की इस पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष अभियान "सेवा और आशीर्वाद अभियान" प्रारंभ किया है। उन्होने बताया कि जिले के आंकड़ों के विश्लेषण में पाया गया कि 1664 पात्र वृद्धजन केवल ई-केवाईसी लंबित होने के कारण पेंशन लाभ नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। वृद्धजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने तथा उन्हें कार्यालयों के चक्कर से मुक्त कराने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

उन्होने बताया इस



कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर नगरीय क्षेत्र में वार्ड स्तर पर कैंप लगाए जाएगें। कैंप में आधार केंद्र प्रभारी, बायोमेट्रिक डिवाईस, आइरिस डिवाइस, बोरोलीन/बोरो प्लस जैसी क्रीम के साथ उपस्थित रहेंगे इनके साथ ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी, सामाजिक न्याय अधिकारी, आधार केंद्र प्रभारी उपस्थित रहेंगे। तैयार की गई पात्र जनों की सूची का प्रदर्शन संबंधित प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड में कराया जाएगा। कैंप आयोजन के दिनांक से 3 दिवस पूर्व ग्राम पंचायत के सभी गांवों में कोटवारों एवं नगरीय क्षेत्र में स्पीकर के माध्यम से अभियान के कैम्प दिनांक एवं स्थान की मुनादी कराई जाएगी। जिससे यदि वृद्धजन कहीं नातेदारी/रिश्तेदारी में बाहर गए हैं तो वे कैंप वाले दिवस पर गांव/वार्ड वापस आकर ईकेवाईसी संबंधी कार्य पूर्ण करा सकें।

### वृद्धजन से केवाईसी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा

रोजगार सहायक/सचिव/वार्ड प्रभारी द्वारा सूची में दर्ज प्रत्येक वृद्धजन को व्यक्तिगत रूप से अभियान की सूचना दी जाएगी और उनसे संपर्क कर कैम्प स्थल पर लाने की व्यवस्था की जावेगी। जो वृद्धजन स्वास्थ्य कारणों से कैंप तक आने में असमर्थ हैं, सचिव/रोजगार सहायक/वार्ड प्रभारी द्वारा आधार केंद्र प्रभारियों को उनके घर ले जाकर उनकी ई-केवाईसी पूर्ण कराई जाएगी। वृद्धजनों को 8-9 माह से पेंशन न मिलने के कारण यह भी हो सकता है कि वे ईकेवाईसी की फीस आधार केंद्र संचालक को देने में असमर्थ हो इसलिए जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि वृद्धजन से केवाईसी का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अभियान पूर्ण होने पर जिला प्रशासन द्वारा एनजीओ/सीएसआर फंड के माध्यम से उसका भुगतान आधार केन्द्र संचालकों को किया गया जाएगा। जिससे पैसे के अभाव में कोई भी वृद्धजन पेंशन संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने से वंचित न रह जाए।

टीम के द्वारा वृद्धजन के ई-केवाईसी करने हेतु वृद्धजन के अच्छे से हाथ धुलाकर दसों उंगलियों से फिंगरप्रिंट मिलान करने का प्रयास किया जावेगा, उंगलियों से फिंगरप्रिंट मिलन ना होने पर आयरिस स्कैन के माध्यम से केवाईसी प्रकिया पूर्ण करने का प्रयास किया जावेगा। जिन वृद्धजनों के मोबाइल आधार कार्ड से लिंक हैं उनके ओटीपी के माध्यम से ई-केवाईसी पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। ई - केवाईसी पूर्ण होते ही पेंशन स्वीकृति संबंधी कार्यवाही ग्राम पंचायत सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/ वार्ड प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी के माध्यम से पूर्ण की जावेगी। उक्त समस्त कार्यवाहियॉ एक माह के भीतर संपन्न कर पात्र जनों की पेंशन चालू किया जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### अधिकारियो-कर्मचारियो और आधार केंद्र प्रभारियों की अलग-अलग बैठक संपन्न

इस अभियान को धरातल पर लागू करने हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी (समस्त ) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ( समस्त को एवं 42आधार केन्द्र प्रभारी के साथ कार्यशाला आयोजित कर अभियान के मूल उद्देश्य से अवगत कराया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

कलेक्टर श्री यादव ने सभी आमजनों से भी अनुरोध किया है कि वृद्धजनों के प्रति दया भाव रखते हुए इसे समाज के प्रति अपना कर्तव्य मानते हुए इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उन्होने कहा मैं चाहूंगा कि यह अभियान आप सब के सहयोग से पूरे प्रदेश में मिसाल बने। जारी दिशा निर्देशों की समीक्षा हेतु मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी (समस्त ) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (समस्त रोजगार सहायको के साथ बैठक आयाजित करेंगें ।

### पुनः पेंशन में जोड़े जाने हेतु समय-सारणी तय

समस्त पंचायतों/वार्डो में ऐसे हितग्राहियों की ईकेवायसी हेतु मुनादी -शिविर दिनांक से 3 दिवस पूर्व। निकायों को आधार ऑपरेटरों/सी.एस.सी.ऑपरेटर की संपर्क नंबर सहित सूची 19 मई को उपलब्ध करा दी जायेगी। समस्त ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण 20 मई तक पूर्ण किया जायेगा।

### पंचायतों /वार्डो में शिविर

20 मई से 05 जून तक शिविर लगाये जायेंगे और ई.के.वाय.सी.पूर्ण हो चुके पेंशनर्स को पुनः पेंशन हेतु पोर्टल पर जोड़े जाने की कार्यवाही 6 जून से 10 जून तक की जायेगी।

## जन भागीदारी सप्ताह 25 मई तक आयोजित

**दमोह।** जनजातीय समुदायों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को गति देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से दमोह जिले में 18 मई से 25 मई 2026 तक जन भागीदारी सप्ताह का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान जिले के पीएम जनमन एवं अन्य चिन्हित जनजातीय ग्रामों में विशेष रूप से संचालित किया जाएगा। अभियान के संबंध में जिला कलेक्टर प्रताप नारायण ने अधिकारियो से कहा शासन की मंशानुसार सभी संबंधित विभाग कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री यादव ने कहा 19 मई से 25 मई तक ग्राम स्तर पर प्रतिदिन संतृप्ति शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं जनसेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सिकल सेल एनीमिया जांच, आयुष्मान कार्ड, पोषण परामर्श, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा दस्तावेज सत्यापन जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी। 20 मई को ₹ग्राम सहभागिता अभियान एक ग्राम संपर्क गतिविधि आयोजित होगी, जिसके अंतर्गत अधिकारी, आदि कर्मयोगी एवं गैर-सरकारी संगठन (NGOs) ग्रामों का भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित करेंगे।